# माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय एवं यूनिसेफ द्वारा बाल स्वास्थ्य अधिकार, बाल अधिकार संरक्षण तथा आशा कार्यकर्ताओं के न्यूज बुलेटिन तथा उनके मीडिया कवरेज फैलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित है

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, यूनिसेफ के सहयोग से तीन माह की निम्न अल्पावधि फैलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह फैलोशिप माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए या विश्वविद्यालय से सत्र 2017, 2018 या 2019 में स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए खुली है। फैलोशिप के तहत कुल पांच छात्रों को चुना जाना है।

**फैलोशिप का उद्देश्य-** इस फैलोशिप में तीन प्रकार की फैलोशिप है । प्रथम फैलोशिप स्वास्थ्य का अधिकार से संबंधिक है जिसमें तीन स्थान है। द्वितीय फैलोशिप बाल अधिकार संरक्षण तथा आशा कार्यकर्ताओं के न्यूज बुलेटिन तथा उनके मीडिया कवरेज से सेंबंधित तथा तृतीय फैलोशिप बाल अधिकार संरक्षण के 30 वर्ष पूर्ण होने के संदर्भ में बाल अधिकार संरक्षण के बारे में सोशल मीडिया पर कन्टेट लेखन तथा प्रचार-प्रसार के लिए है।

इन फैलोशिप का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य का अधिकार , बाल अधिकार संरक्षण तथा आशा कार्यक्रताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विषय में मीडिया कवरेज बढ़ाने और कवरेज को असरदार बनाना है साथ ही इन संदर्भों में मध्यप्रदेश की सही स्थिति को समाने लाने, इसके असर को समझने, समाज में इसके संदर्भ में जानकारी का स्तर बढ़ाने, समाज की भागीदारी बढाने एवं इसके सफल संचालन के लिए समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी एवं सुशासन(गुड-गवर्नेंस) के आयामों को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है।

**चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षाएं**

इस योजना के अंतर्गत कुल पॉच फैलोशिप प्रदान की जाना है।

1. पहली फैलोशिप **बाल स्वास्थ्य अधिकार फैलोशिप है ।** इस फैलोशिप की कुल अवधि तीन माह की है। इस फैलोशिप में अधिकतम तीन विद्यार्थियों का चयन किया जाना है।
2. द्वितीय फैलोशिप **बाल अधिकार संरक्षण फैलोशिप है।** इस फैलोशिप की कुल अवधि तीन माह की है। इस फैलोशिप में सोशल मीडिया पर कन्टेट लेखन तथा **बाल अधिकार संरक्षण** के प्रचार-प्रसार का कार्य है। इस फैलोशिप के लिए अधिकतम एक विद्यार्थी का चयन किया जाना है।
3. तृतीय फैलोशिप **आशा कार्यकर्ताओं के न्यूज बुलेटिन तथा उनके मीडिया कवरेज फैलोशिप है।** इस फैलोशिप की कुल अवधि तीन माह की है। इस फैलोशिप में अधिकतम एक विद्यार्थी का चयन किया जाना है।

फैलोशिप के लिए चयनित अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा होगी वे अपने रोजमर्रा के काम से दूर होकर हर माह में अधिकतम एक सप्ताह का समय मध्यप्रदेश के शहरी ग्रामीण/वंचित समुदायों बाल स्वास्थ्य अधिकार, बाल

अधिकार संरक्षण तथा आशा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य अधिकार से संबंधित ग़ोजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों के बीच बितायेंगे और स्वास्थ्य का अधिकार तथा बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित जिन मुद्दों को लोगों की निगाह में लाना जरुरी है उन पर क्रमवार कथाओं का लेखन या निर्माण करेंगे।

इस अवधि में छात्र को प्रतिमाह 1 सप्ताह की अवधि के अनुसार सम्पूर्ण अवधि में 3 सप्ताह अर्थात कुल 21 दिन रु. 2000 प्रतिदिन का दैनिक भत्ता जिसमें यात्रा तथा आवास भत्ता शामिल है प्रदान किया जाएगा। साथ ही छात्र को रु. 600 प्रतिमाह का इंटरनेट तथा स्टेशनरी भत्ता (तीन माह का) भी पृथक से प्रदान किया जाएगा।

**चयन की प्रक्रिया**

तीनो फैलोशिप मे अभ्यर्थियों का चयन एक चयन समिति द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस समिति में 2 बाह्य विशेषज्ञ, जाने-माने संपादक अथवा विकास के मुद्दे पर सक्रिय विचारकों के साथ यूनिसेफ के एक प्रतिनिधि तथा विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधि जो शिक्षक या अधिकारी हो सकते है।

इस चयन समिति में छात्रों के चयन का एवं मूल्यांकन का आधार अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अपना संक्षिप्त शोध-प्रस्ताव तथा उसका साक्षात्कार होगा।

इस फैलोशिप के अभ्यर्थी आवेदन-पत्र के साथ अपना बायोडाटा (ए-4 साइज के 2 पन्नों से अधिक नहीं) भेजें और इसके साथ निम्नलिखित को संलग्न करें- :

1. स्पष्ट शीर्षक के साथ परियोजना के लिए सुविचारित प्रस्ताव (200शब्दों से अधिक नहीं)।
2. परियोजना-प्रस्ताव के मूल विचार का स्टोरी ब्रेकअप(कम से कम पाँच) के रुप में क्रमवार पल्लवन (अधिकतम 150 शब्दों में)
3. फील्डवर्क के लिए चुने गए भू-भाग के बारे में एक संक्षिप्त उल्लेख, यात्रा और रहने-ठहरने के क्रम में होने वाले खर्चे का एक मोटा-मोटा आकलन (अधिकतम 100 शब्द)
4. आप जिस स्थान का भ्रमण करना चाहते हैं, कृपया उसका जिक्र इस उल्लेख के साथ कीजिए कि इस क्रम में खर्चा क्या आएगा.
5. पूर्व प्रकाशित या प्रसारित कथा के दो नमूने हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में.(यह कथा रेडियो-टीवी के कार्यक्रम के रुप में प्रसारित अथवा अख़बार-मैगजीन में प्रकाशित हो सकती है) अगर आपकी पूर्व-प्रकाशित कथा इलेक्ट्रॉनिक प्रारुप में है तो कृपया इसे ई-मेल से भेजें।
6. परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तुत सामग्री के प्रसारण-प्रकाशन की सहमति का एक पत्र।

## आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 13 दिसंबर 2019 है।

**फैलोशिप के नियम और शर्त**

1. इस फैलोशिपके अंतर्गत दी जाने वाली राशि समाचारों को एकत्र करने के क्रम में हुए खर्चे की भरपाई के लिए दी जाती है। इस राशि को देने का आशय चयनित फैलो कोकिसी किस्म का मानदेय या वेतन देना नहीं है। इस कारण, वास्तविक खर्च की भरपाई प्रस्तुत ब्यौरे (व्यय की रसीद आदि) के अनुसार एक युक्तिसंगत सीमा के भीतर बगैर टीडीएस कटौती के होगी। विश्वविद्यालय का लेखा-विभाग वास्तविक खर्च केबारे में जानकारी मांग सकता है.
2. सभी भुगतान टीडीएस नियमों के अंतर्गत होंगे। हम आपकी यात्रा-योजना औरविधिवत हस्ताक्षरित सहमति-पत्र की प्राप्ति के बाद फैलोशिप के अंतर्गत दीजाने वाली रकम का 25% हिस्सा आपके खाते में जमा किया जाएगा। शेष रकम नियम और शर्तोंके अधीन फैलोशिप के अंतर्गत कथाओं के प्रकाशन-प्रसारण की समाप्ति के बाद, शेष टीडीएस कटौती के उपरांत प्रदान की जाएगी।
3. हम ग्रामीण मुद्दों को लेकर आपके सरोकार का सम्मान करते हैं और अपेक्षा रखते हैं कि आप फैलोशिप के अंतर्गत अपनी परियोजना के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। बहरहाल, अगर चयनित अभ्यर्थी परियोजना को पूरा करने में असफल रहता है और अपनी कथाओं का प्रकाशन नहीं कर पाता तो विश्वविद्यालय को इस बात का अधिकार होगा कि वह फैलोशिप के अंतर्गत दी जाने वाली रकम/ पेशगी को निरस्त कर दे।
4. फैलोशिप के अंतर्गत प्रस्तुत कथाओं को आखिर में विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा यूनिसेफ की वेबसाइटपर अपलोड किया जाएगा। इसमें प्रस्तुतकर्ता अभ्यर्थी का नाम और प्रकाशन का विधिवत उल्लेख किया जाएगा.
5. चयनित अभ्यर्थी फील्ड-ट्रिप के दौरान अथवा उसके बाद हमें परियोजना कोपूरा करने की दिशा में हुई प्रगति के बारे में सूचित करेंगे। इस क्रम मेंअगर कथा-संरचना में कोई बदलाव होता है तो उसके बारे में भी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय को सूचित करेंगे।
6. चयनित अभ्यर्थी इस मीडिया परियोजना को अपनी प्रकाशितकथाओं की कतरन, प्रकाशन की तिथि की उल्लेख के साथ विश्वविद्यालय मे संबंधित व्यक्ति को जमा करेंगे।
7. चयनित अभ्यर्थी यात्रा-व्यय की प्रतिपूर्ति की मांग करते हुए इससेसंबंधित ट्रेन-बस का टिकट, टैक्सी-भाड़ा, होटल आदि में रहने ठहरने संबंधी व्यय और भोजन पर हुए खर्च का बिल आदि की मूल प्रति भेजें। कृपया ध्यान दें कि यात्रा-व्यय के मद मेंप्रतिपूर्ति के तौर पर दी जाने वाली रकम पर टीडीएस कटौती नहीं होगी, लेकिनयात्रा-व्यय से इतर दी जाने वाली रकम पर टीडीएस कटौती की जाएगी। अभ्यर्थी को फैलोशिप की सम्पूर्ण अवधि में अधिकतम 44 हजार रुपये की रकम यात्रा-व्यय की प्रतिपूर्ति के रुप में दी जा सकती है, किन्ही विशेष परिस्थितियों में युक्तिसंगत जान पड़ने पर यह रकम कम भी हो सकती है।
8. निर्णायक-मंडल का निर्णय अंतिम तौर पर मान्य होगा.
9. अभ्यर्थी अपना समग्र आवेदन अंतिम तिथि के बीतने से पहले सीवी सहित माइक्रोसॉफ्ट वर्ड फॉरमेट में भेजें। अगर आवेदन हिन्दी में है तो कृपया माइक्रोसाफ्ट वर्ड फाईल को यूनिकोड / मंगल में टंकित करके अपनी क्लीपिंग्स की स्कैन्ड कॉपी के साथ ईमेल के जरिए इस पते पर : **fellowship@mcu.ac.in**भेजें
10. ईमेल से प्राप्त आवेदनों की प्राप्ति की सूचना तुरंत दी जाएगी।

11. ईमेल के माध्यम से आवेदन भेजने वाले अभ्यर्थी कृपया सब्जेक्ट लाईन के रुपमें "**UNICEF Fellowship**" लिखें। (हिन्दी भाषा में आवेदन भेजने वाले अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि उनका आवेदन माइक्रोसाफ्ट वर्ड अथवा लिब्रे ऑफिस में मंगल अथवा किसी यूनिकोड फोन्ट में टंकित होना चाहिए। ऐसा ना होने पर आवेदन अस्वीकृत माना जाएगा)
12. जो अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से अपना आवेदन ईमेल के माध्यम से नहीं भेज पारहे अथवा ईमेल के साथ-साथ हार्डकॉपी के रुप में भी भेजना चाहते हैं तो ऐसे अभ्यर्थी अपना आवेदन स्पीडपोस्ट के जरिए निम्नलिखित पते पर भेजें।(अभ्यर्थी ध्यान दें कि अंतिम तिथि के बाद पहुंचे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा)
13. हमारा आपसे विनम्र आग्रह है कि अभ्यर्थी शोध-प्रस्ताव भेजने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा ना करें और अपना आवेदन यथाशीघ्र भेजें ताकि देर होने कीस्थिति में आवेदन पत्र के अस्वीकृत होने की आशंका या निराशा से बचा जा सके.
14. अगर अभ्यर्थी किन्ही कारणों से अपना आवेदन डाक से भेज रहे हैं तो कृपया निम्नलिखित पते पर भेजें--

**यूनिसेफ फैलोशिप 2019**
**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय**
**बी-38, विकास भवन, महाराणा प्रताप नगर, झोन-I, भोपाल - 462011**

**नोट: विस्तृत जानकारी के लिए अपने विभागाध्यक्ष से संपर्क करें।**